दैनिक
न्याय साक्षी

खरसिया में आयोजित हुआ साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा

- ❐ जागरूकता ही आपको बचाएगी साईबर फ्रॉड से-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- ❐ जागरूक बने, सतर्क रहें एवं साईबर फ्रॉड से बचें-एसपी दिव्यांग पटेल

#cyber_subah
जागरूक रहें... सुरक्षित रहें...

रायगढ़

पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा 05 से 19 अक्टूबर तक जिले में साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हेल्पिंग हैण्ड क्लब फाउण्डेशन की विशेष सहभागिता है। पखवाड़ा के माध्यम से साईबर फ्राड की जानकारी देने के साथ ही जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला पुलिस एवं हेल्पिंग हैण्ड क्लब फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में खरसिया के स्टेशन चौक में साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा में साईबर फ्रॉड से बचने के लिए चार स्तंभ बताए गए है जिसमें प्यार, विश्वास, लालच एवं अज्ञानता है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में यह चीजें सामान्य हो चुकी है। इन चारों चीजों से सावधानी बरतते हुए साईबर फ्रॉड से बचा जा सकता है। जो नहीं दिखता उसे पैसे देने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए युवा, व्यापारी एवं महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि खरसिया व्यापार का केन्द्र है। अत: यह साईबर फ्रॉड के लिए सॉफ्ट टारगेट हो सकता है, इसलिए आपका जागरूक होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने पुलिस विभाग एवं हेल्पिंग हैण्ड क्लब फाउण्डेशन की सराहना करते हुए कहा कि हेल्पिंग हैण्ड फाउण्डेशन अपनी पहुंच का उपयोग करते हुए ग्रामीण अंचल तक इस मुहिम को पहुंचाये। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने घर एवं आसपास के लोगों को साईबर फ्रॉड के बारे में जानकारी देकर जागरूक करें।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा कि साईबर फ्रॉड को रोकने के लिए सर्वप्रथम लोगों को जागरूक होना जरूरी है। अगर आज आप जागरूक नहीं रहेंगे तो हर समय ठगे जायेंगे। उन्होंने कहा कि एक साल में जितने चोरी के मामले सामने नहीं आते है, उससे अधिक एक माह में साईबर फ्रॉड के मामले आ रहे है। इसलिए साईबर फ्रॉड से बचने के लिए आप सब सजग रहे एवं सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि इनवेस्टमेंट पर ज्यादा रिटर्न का वादा करने वाले लोगों पर भरोसा न करें। निवेश के लिए सिर्फ औपचारिक चैनल का इस्तेमाल करें। विश्वसनीय इंटरनेट सुरक्षा सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें। संदिग्ध लिंक को क्लिक करने एवं व्यक्तिगत जानकारी देने से बचे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर तुरंत अपने नजदीकी थाना में शिकायत करनी चाहिए। या साईबर सेल अथवा राष्ट्रीय साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 या व्हाट्स-अप नंबर 94792-81934 पर सूचना दे सकते है।

साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने साईबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए उसके बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि आपके साथ धोखाधड़ी होने पर डरे नहीं, आप अपराधी नहीं हो, ऐसी स्थिति में अपने नजदीकी थाना में तत्काल सूचित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एकाउंट को लॉक रखने, एटीएम एवं व्यक्तिगत जानकारी देने से बचने जैसे सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर एसडीएम खरसिया प्रियंका वर्मा, एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल, निरीक्षक कुमार गौरव सीताराम ध्रुव, उप निरीक्षक संजय नाग, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, संरक्षक मनोज गोयल, बंटी सोनी, चीफ एडवाइजर अविचल अग्रवाल, स्टेट कोऑर्डिनेटर विनय सलूजा, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यगण डॉ.दिलेश्वर पटेल, हिमांशु अग्रवाल, लोकेश गर्ग, राहुल डनसेना, विकास शारदा, निलेश अग्रवाल, रजत शर्मा, अंबर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, साहिल शर्मा, कैलाश शर्मा, आशुतोष शर्मा, अनिकेत अग्रवाल, डॉ.विकास अग्रवाल तथा साइबर सेल, थाना खरसिया, चौकी खरसिया के स्टाफ उपस्थित रहे।

साईबर सुबह का मैसेज लोगों तक करें फारवर्ड- पुलिस विभाग द्वारा साईबर फ्रॉड से बचने के लिए 'साईबर सुबह' व्हाट्सअप मैसेज के माध्यम एक मुहिम चलायी जा रही है। जिसमें प्रतिदिन सुबह-सुबह साईबर फ्रॉड से बचने संबंधी उपाए बताए जा रह है। इस मैसेज को अपने व्हाट्सअप ग्रुप के साथ ही अपने आसपास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा फारवर्ड करें। आप स्वयं जागरूक रहे और लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें।

साईबर सुरक्षा हेतु ली गई शपथ- साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा के दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने लोगों को साईबर सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई। शपथ लेते हुए सभी ने कहा कि साईबर सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं लेता हूं, जिसके लिए मैं लगातार अपनी सजगता और अपना ज्ञानवर्धन करता रहूंगा। मैं किसी भी अज्ञात लिंक पर जिसे मैं अच्छी तरह से नहीं जानता, क्लिक नहीं करूंगा न ही अपनी निजी जानकारी उसमें दर्ज करूंगा। गूगल या किसी भी सर्च इंजन पर कोई भी कस्टमर केयर नंबर से सीधे सर्च नहीं करूंगा, उनके अधिकृत साइट का ही उपयोग करूंगा। अज्ञात नंबरों से आये वीडियो कॉल नहीं उठाउंगा। एटीएम से रूपये निकालते समय अपना पासवर्ड छिपाकर एन्ट्री करूंगा। किसी अनजान व्यक्ति को किसी या किसी भी अनजान साईट पर अपने खातों की जानकारी, एटीएम की जानकारी, सीव्हीव्ही नंबर, ओटीपी किसी अन्य व्यक्ति से शेयर नहीं करूंगा।

साईबर जनजागरूकता वाहनों की दिखाई हरी झण्डी, निकली यात्रा- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने साईबर जनजागरूकता के लिए निकाली गई वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली खरसिया शहर में घूम-घूमकर साईबर फ्रॉड से बचने के लिए लोगों से अपील करेगी। इसी तरह पुलिस विभाग द्वारा यात्रा भी निकाली गई और लोगों को साईबर फ्रॉड से बचने के लिए सजग रहने एवं सुरक्षित रहने का आग्रह किया। इस दौरान साईबर जागरूकता से संबंधित पाम्पलेट जनसामान्य को वितरित किया गया।

महत्वपूर्ण एवं खास

भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा शिविर 9 अक्टूबर को

रायगढ़। रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिकों/सैन्य विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया रायपुर (आर्मी)के सहयोग से 9 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के सृजन हाल में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विनायक नेत्रालय रायपुर, ईसीएचएस पाली क्लीनिक बिलासुपर, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कार्यालय रायगढ़ एवं डॉ.नीलम भगत रायगढ़ द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण एवं चश्मा प्रदान किया जाएगा।

जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिये औषधि हेतु वार्षिक मांग पत्र भेजा जाता है महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर को

रायगढ़। जिला जेल रायगढ़ दवाई/औषधि खरीदी के संबंध में खबरे समाचार प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में सहायक जेल अधीक्षक जिला जेल रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय जिला जेल रायगढ़ द्वारा शहर के किसी भी निजी संस्थान अथवा व्यक्ति विशेष से बंदियों के उपयोग में लाये जाने वाले दवाई/औषधि की मांग लिखित अथवा मौखिक में नहीं किया गया है न ही किसी निजी संस्थान से औषधि लिया गया है। जिला जेल रायगढ़ में परिरूद्ध बंदियों के लिये औषधि हेतु वार्षिक मांग पत्र महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर को भेजा जाता है। खरीदी पश्चात् मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्रदाय किया जाता है। शेष आवश्यक औषधि आवश्यकतानुसार रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर्स रायगढ़ से क्रय किया जाता है।

स्कूल के बच्चों से चांवल ढोने काम करवाने वाली प्रधान पाठिका निलंबित

बिलासपुर (आरएनएस)। मस्तूरी ब्लाक के स्कूल में स्कूली बच्चों के द्वारा सहकारी समिति से चावल ढोने का वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल की प्रभारी प्रधान पाठिका को निलंबित कर दिया गया हैं। मामले में मस्तूरी बीईओ ने जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा था। जिसके बाद निलंबन की कार्यवाही की गई है। बता दें कि एक विडियों वायरल हुआ था जिसमें मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला सोन में पढ़ाई करने वाले 10 से 12 वर्ष के बच्चे सहकारी समिति से साइकिल से चावल ढोते हुए स्कूल परिसर में लाते हुए दिखाइ दे रहे थे। वहीं बच्चों ने आरोप लगाया है कि प्रधान पाठिका पुष्पा मैडम सोसाइटी से स्कूल तक चावल लाने के लिए कहती हैं। इसके लिए साथ ही झूठ बोलने के लिए भी कहती हैं। पैसा भी देती हैं। ऐसा नही करने पर पुष्पा मैडम उन लोगों को मारती हैं। वहीं इस पूरे मामले में प्रधान पाठिका पुष्पा साहू का कहना था कि उनके यहां के कुछ स्टाफ जानबूझकर इस तरह के वीडियो बनाकर वायरल कर रहे हैं, ताकि उन्हें स्कूल से हटा दिया जाए। इस पूरे मामले में मस्तूरी बीईओ ने जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा था। जिसके बाद प्रधान पाठिका पुष्पा पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने जनदर्शन में सुना नागरिकों की मांग व शिकायत

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने नागरिकों से जनदर्शन में मुलाकात कर उनकी मांग व शिकायत को सुना और उस पर कार्यवाही क़े लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किए। कलेक्टर को मिले आवेदनो में, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के कई आवेदन, अतिक्रमण किए गए कब्जा पर कार्यवाही, नया पेंशन, वृद्धा पेंशन, एपीएल और बीपीएल राशन कार्ड बनाने, अंत्योदय राशन कार्ड, पीएम आवास का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, वनोपज संग्रहण की राशि दिलाने, चेलक पटवारी की मृत्यु पर उनके पत्नी द्वारा मृत्यु की स्थिति में दिए जाने वाले शासकीय राशि दिलाने के संबंध में आदि आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पंजीकृत डाक से संविदा भर्ती हेतु 14 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिले के जनपद पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से 14 अक्टूबर 2024 की शाम 5 बजे तक कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला पंचायत, खेल भांठा मैदान के पास सारंगढ़ पिनकोड 496445 जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया है। विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पदों के विज्ञापन, पद की संख्या शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी जिले के जनपद पंचायतों तथा कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सूचना पोर्टल पर एवं जिले की वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन https:// sarangarh-bilaigarh.cg.gov.in/ पर उपलब्ध है।

जिले में बदमाशों की सघन जांच अभियान शुरू

बदमाशों को पुलिस की सख्त चेतावनी, त्यौहार के समय शिकायत आने पर होगी कड़ी कार्यवाई

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में त्यौहारों के पहले बदमाशों की सघन जांच का वृहद अभियान जिले भर में प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत कल सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने निगरानी, गुंडा और माफिया बदमाशों को तलब किया। थाना प्रभारियों ने उनकी वर्तमान गतिविधियों की जांच की और उन्हें आगामी त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने से बचने के सख्त हिदायत दी गई।

थाना प्रभारियों ने बदमाशों को स्पष्ट रूप से चेताया कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों, विवाद या असामाजिक कार्यों में लिप्त पाए जाने पर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बदमाशों को यह भी कहा गया कि यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो या किसी से विवाद की आशंका हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उचित समाधान निकाला जा सके। पुलिस ने उन्हें किसी भी प्रकार के विवाद, हिंसा या आपसी झगड़ों से दूर रहने की सलाह दी। थाना प्रभारियों ने आगाह किया कि पुलिस की पैनी नजर उनके हर गतिविधियों पर रहेगी और त्यौहार के दौरान विशेष निगरानी रखी जा रही है। यह भी समझाया गया कि त्यौहारों का समय शांति और सौहार्द्र का होता है, जिसमें जनता की सुरक्षा और शांति भंग करने का प्रयास किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान में जांच के दौरान कल 42 गुण्डा, 47 निगरानी तथा 11 माफी बदमाशों की जांच की गई थी, आज भी थाना प्रभारियों ने बदमाशों को थाने तलब किया। बदमाशों की जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

डीएसपी अखिलेश कौशिक के साथ पुसौर पुलिस ने की ढाबों पर शराब रेड

- ❐ अवैध शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में, 6 अक्टूबर 2024 को पुसौर पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कई ढाबों पर सघन शराब रेड की कार्रवाई की गई। हेड क्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना पुसौर स्टाफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम तेतला चिखली के विभिन्न ढाबों पर छापेमारी की।

(1) रंगीला ढाबा रेड: मुखबिर की सूचना पर रंगीला ढाबा में कार्यरत प्रताप कुमार साव पिता अमृत साव उम्र 30 वर्ष साकिन चिखल थाना पुसौर के कमरे में तलाशी के दौरान 16 पाव देशी प्लेन और 14 पाव गोल्डन गोवा शराब बरामद की गई। आरोपी के पास शराब रखने के कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

(2) ढाबा मालिक पर भी कर्रवाई : इसी तरह, रंगीला ढाबा के मालिक गौरी शंकर गुप्ता आ चकपाणी गुप्ता उम्र 42 साल साकिन तेतला थाना पुसौर गौरी गुप्ता के कमरे से 12 पाव देशी और 02बॉटल और 02 पाव अंग्रेजी शराब, 02 नग सिम्बा बीयर के रूप में अवैध शराब बरामद हुई। गवाहों के सामने आरोपी ने बताया कि वह इस शराब को अवैध बिक्री के लिए रख रहा था। पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपी पर कार्रवाई की।

(3) दीपक ढाबा पर कार्रवाई: ग्राम तेतला रोड पर स्थित दीपक ढाबा पर छापेमारी के दौरान संचालक पिन्टू कुमार सिंह पिता स्व. कृष्णदेव सिंह उम्र 48 वर्ष सा. चिखली थाना पुसौर के कमरे से 07 पाव देशी, 11 पाव अंग्रेजी, 03 नग सिमबा बीयर, अवैध शराब बरामद की गई। उसने भी अवैध बिक्री के उद्देश्य से शराब छुपाकर रखने की बात कबूल की।

(4) मेहमान ढाबा से बरामदगी: चिखली रोड के किनारे स्थित मेहमान ढाबा से संचालक रामनिवास सतनामी पिता महाजन सतनामी उम्र 35 वर्ष साकिन जूटमिल सामने गली थाना जूटमिल के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन शराब एवं 10 पाव अंग्रेजी शराब, अवैध शराब बरामद की गई। उसने भी अवैध लाभ के लिए शराब छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। इन आरोपियों पर थाना पुसौर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

(5) धरनी ढाबा रेड: औरदा रोड के धरनी ढाबा में ग्राहकों को शराब परोसते हुए संचालक दयाराम नायक पिता सीताराम नायक उम्र 39 वर्ष सा0 ग्राम सुकुल भठली थाना पुसौर को गिरफ्तार किया गया। ढाबा परिसर से अंग्रेजी शराब और शराब पीने के लिए इस्तेमाल होने वाला सामान भी जप्त किया गया। धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इस व्यापक अभियान में पुलिस की टीम ने कुल 4 ढाबों पर छापेमारी कर 26.320 लीटर अवैध देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर (रु.15,550) और अन्य सामग्री जब्त की।

टीम में शामिल अधिकारी : उप निरीक्षक कुदन लाल गौर, एएसआई मनमोहन बैरागी, उमाशंकर विश्वाल, महिला आरक्षक जेनिपा पन्ना, आरक्षक आनंद कुजुर, अनूप साव और दिलीप साव।

फिर बढ़ी विधायक देवेन्द्र यादव की न्यायिक हिरासत,अब 21 तक रहेंगे जेल में

बलौदाबाजार । आरएनएस

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत कोर्ट ने फिर से बढ़ा दी है। अब 21 अक्टूबर तक विधायक यादव जेल में रहेंगे।

बता दें कि सोमवार को बलौदा बाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार किये गये विधायक देवेंद्र की जमानत याचिका पर रायपुर के कोर्ट में सुनवाई हुई जहां कोर्ट ने विधायक की न्यायिक हिरासत की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

बता दें कि गुरु बाबा घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था केंद्र अमर गुफा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में आसामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाया था तथा जैतखाम में तोडफ़ोड़ किया था। घटना से आक्रोशित समाज के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया था। वहीं राज्य सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए थे। वहीं मामले में मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। इस प्रदर्शन के दौरान भीड़ को उकसाने के मामले में विधायक देवेंद्र यादव समेत सैकड़ों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि विधायक देवेंद्र यादव करीब तीन माह से जेल में हैं। कोर्ट ने कई बार उनकी रिमांड बढ़ाई है।

राजधानी रायपुर में स्कवैश खिलाड़ियों का राष्ट्रीय महाकुंभ : सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया विधिवत शुभारंभ

रायपुर । आरएनएस

राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ स्कवैश एसोसिएशन द्वारा आयोजित पाँच दिनों के अखिल भारतीय स्कवैश टूर्नामेंट में देश के 18 राज्यों के 237 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं , जो अलग-अलग आयुवर्ग के हैं।बूढ़ा तालाब के सामने स्थित इनडोर स्टेडियम परिसर में हो रहे इस खेल आयोजन के दूसरे दिन बीती शाम रायपुर के लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्कवैश खिलाडिय़ों के इस राष्ट्रीय महाकुंभ में आकर खिलाडिय़ों का उत्साह बढ़ाया । उन्होंने प्रतीक स्वरूप स्कवैश खेलकर छत्तीसगढ़ स्कवैश ओपन चैंपियनशिप 2024 के अंतर्गत तीन सितारा पी.एस.ए. सेटेलाइट लेबल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।एसोसिएशन की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि ,खेल प्रेमी नागरिक और स्कवैश एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा खिलाड़ी मौज़ूद थे। इधर आज 7 अक्टूबर को प्रतियोगिता के तीसरे दिन पन्द्रह वर्ष आयु वर्ग में इंदौर (मध्यप्रदेश) के विहान दास ने कोलकाता (बंगाल)के राघव को हराकर क्वार्टर फाइनल जीत लिया।उन्होंने तीनों मैचों में राघव को क्रमश: 11 --9 , 11--4 और 12--10 से पराजित किया। विहान अब कल 8 अक्टूबर को सेमीफ़ाइनल खेलेंगे। उन्होंने कल 6 अक्टूबर को15 वर्ष आयुवर्ग की स्पर्धा में उत्तरप्रदेश के अर्जुन महेश्वरी को तीनों मैचों में क्रमश: 11--5, 11--5 और 11--5 से हराया था। उल्लेखनीय है कि यह पाँच दिवसीय राष्ट्रीय स्पर्धा रायपुर के बूढ़ा तालाब के सामने स्थित इनडोर स्टेडियम के परिसर में आयोजित की गई है। कल दूसरे दिन 6 अक्टूबर को विभिन्न श्रेणियों के कुल 74 मैच निर्धारित थे।इनमें से शाम चार बजे तक 55 मैच हो चुके थे।

छ.ग. स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप 2024 का विधिवत शुभारंभ

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप 2024 का विधिवत शुभारंभ आज माननीय बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और खिलाडिय़ों ने भाग लिया।

उद्घाटन समारोह में कैलाश मुरारका, सीमा कोर, मुकुश कंडोई, और अन्य प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया और छ.ग. स्क्वैश एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप में विभिन्न श्रेणियों में कुल 74 मैचों का आयोजन किया गया। पहले दिन शाम 4:00 बजे तक 55 मैच खेले जा चुके थे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने खेल का भरपूर प्रदर्शन किया।

आज खेले गए मैचों में छत्तीसगढ़ के कुछ प्रमुख खिलाडिय़ों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर 15 बालक वर्ग में श्रेयांस कुलश्रेष्ठ, अंडर 15 गल्र्स में क प्रकृति चंद्राकार, अंडर 17 बालक वर्ग में जिनांष जैन, बालिका वर्ग में कु. पावनी साहू, अंडर 19 बालक वर्ग में श्लोक रिछारिया, और बालिका वर्ग में कु. अनन्या पाण्डेय ने अपने-अपने केटेगिरी में अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न राज्यों से आए खिलाडिय़ों और उनके पालकों की भी अच्छी खासी संख्या मौजूद रही, जिससे प्रतियोगिता का माहौल और भी रोमांचक बना रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480